# झुंझनू धाम हमारा | by Payal Agrawal

जहाँ विराजे राणी सती माँ दीदर सबसे प्यारा
झुंझनू धाम हमारा, झुंझनू धाम हमारा
जिसने आके माथा टेका उसको मिला सहारा
झुंझनू धाम हमारा, झुंझनू धाम हमारा

है स्वर्ग सरीखी धरती हर कण माटी का सोना
दादी के नाम से महके मंदिर का कोना कोना
पग धरते ही हर लेती है दादी संकट सारा
झुंझनू धाम हमारा, झुंझनू धाम हमारा

जिसने भी सातिया मांडा और है भावों से रिझाया
ये बात तो तय है उसने दादी का साथ है पाया
एक बार जो हाथ थाम ले छोड़े नहीं दोबारा
झुंझनू धाम हमारा, झुंझनू धाम हमारा

चाहे विश्वास जगा ले चाहे तो आज़मा ले
पूरी होगी हर मंशा झोली अपनी फैला ले
देखा सचिन ने डूबे हुए को मिलता यहाँ किनारा
झुंझनू धाम हमारा, झुंझनू धाम हमारा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9d%e0%a5%81%e0%a4%82%e0%a4%9d%e0%a4%a8%e0%a5%82-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-payal-agrawal/